उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

संख्याः18 / ए–4(102)2014 दिनांकःअक्टूबर 01, 2014

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

विषयः उ0प्र0 सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली–1974 के अन्तर्गत **एस0आई0(एम) / आशुलिपिक** के पद पर मृतक आश्रितों का दक्षता मूल्यांकन कराया जाना।

....

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि उ0प्र0 सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली–1974 के अन्तर्गत मृतक आश्रितों को **एस0आई0(एम) / आशुलिपिक** के पद पर सेवायोजन के विचार हेतु दक्षता मूल्यांकन पुलिस मुख्यालय परिसर, इलाहाबाद में **दिनांकः 11.10.2014 व 12.10.2014(दिन शनिवार एवं रविवार) को प्रातः 8.00 बजे से** कराया जाना प्रस्तावित है।

2. अतः अनुरोध है कि कृपया संलग्न विज्ञप्ति को बहुचर्चित हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर व्यापक प्रचार प्रसार कराने का कष्ट करें।

संलग्नकःप्रेस विज्ञप्ति।

01/10/14

अपर पुलिस अधीक्षक,स्थापना,
नि0 पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना,
इलाहाबाद।

प्रतिलिपिःजिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, जनपद इलाहाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया संलग्न प्रेस विज्ञप्ति को बहुचर्चित हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर व्यापक प्रचार प्रसार कराने का कष्ट करें।

संलग्नकःप्रेस विज्ञप्ति।

विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश सेवाकाल मे मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली–1974 के अन्तर्गत पुलिस विभाग मे एसआई(एम)/आशुलिपिक के पद पर सेवायोजन के विचार हेतु मृतक आश्रितों का दक्षता मूल्यांकन दिनांक 11.10.2014 तथा 12.10.2014 को उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय परिसर, इलाहाबाद मे कराया जायेगा। पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा दिनांक 31.08.2014 तक प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर अर्ह मृतक आश्रितों को दक्षता मूल्यांकन मे सम्मिलित होने हेतु बुलावा पत्र स्पीड पोस्ट एवं जनपदों के माध्यम से प्रेषित किये गये है। अतः सम्बन्धित मृतक आश्रित दिनांक 11.10.2014 को प्रातः 08:00 बजे उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय परिसर, इलाहाबाद मे दक्षता मूल्यांकन हेतु उपस्थित हो। यदि किसी अभ्यर्थी को पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत बुलावा पत्र दिनांक 07.10.2014 तक प्राप्त नही होता है तो वे पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद मे दिनांक 08, 09 एवं 10.10.2014 को अपने पहचान पत्र सहित उपस्थित होकर बुलावा पत्र की प्रति प्राप्त कर सकते है। जिन आश्रित/अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र निर्गत किये गये है उनकी सूची उ0प्र0 पुलिस की निम्नलिखित website, URL:**https://uppolice.gov.in/frmcircular.aspx?slugName=phq&SubSlugname=MirAshRec&cd=OAAxADEA** पर भी उपलब्ध है।

01/10/14
अपर पुलिस अधीक्षक,स्थापना,
नि0 पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना,
उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्याः 18/ए–4(124)2014
दिनांकः इलाहाबाद अक्टूबर 01 ,2014